F.D.S

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर

पत्रांक–4198 / मी0क्षे0 / 33 / मीरजापुर, दिनांक, मार्च 25, 2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग,
रेनुकूट।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग के अनपरा रेंज अन्तर्गत नार्दन कोल फील्डस लि0 की बीना परियोजना को बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50हे0 वनभूमि 30वर्षो के लीज पर हस्तान्तरित किये जाने एवं बाधक 14000 वृक्षों के पातन सम्बन्धित प्रस्तुत ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या–एफ0पी0 / यू0पी0 / माइन्स / 24551 / 2017 के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्र संख्या– 2646 / रेनुकूट / 15–108 दिनांक 03.02.2021 इस कार्यालय का पत्रांक–3337 / मी0 / 33 दिनांक 09.02.2021 एवं आपका पत्र संख्या–3211 / रेनुकूट / 15–108 दिनांक 23.03.2021

महोदय,

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। विषयक प्रकरण में निम्न स्थिति स्पष्ट करें।

1– प्रश्नगत परियोजना में प्रभावित 14000 वृक्षो का पातन किया जाना प्रस्तावित है। इतने बड़े पातन किया जाना क्या नितान्त आवश्यक है क्या इसे खण्ड में पातन किया जा सकता है। स्थिति स्पष्ट करें।

2– प्रश्नगत परियोजना के सम्बन्ध में क्या नार्दल कोल्ड फील्डस लि0 के अन्य परियोजना से सम्बन्धित बकाया 13,30,96,912.00 जो मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के समक्ष विचाराधीन है। उक्त परियोजना इससे आच्छादित तो नहीं है स्पष्ट करें।

3– प्रश्नगत परियोजना में संलग्नक 332 पृष्ठ पर डी0एस0एस0 एनालिसिस से सम्बन्धित प्रमाण पत्र 61.00हे0 का वानस्पतिक घनत्व 0.4 अथवा 40 प्रतिशत से कम है। उल्लेख किया गया है। कि पुष्टि अधोहस्ताक्षरी को कराया जाय।

अतः उपरोक्त बिन्दु की स्थिति स्पष्ट करें, ताकि इस स्तर से अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

(रमेश चन्द्र झा)
मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र मीरजापुर

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट(सोनभद्र)

पत्रांक–3272 / रेनुकूट / 15–108 दिनांक,रेनुकूट,मार्च, 31 2021

प्रतिलिपिः महाप्रबन्धक, नार्दन कोल फील्डस लि0 बीना परियोजना को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि उक्त बिन्दुओ पर अपनी आख्या टेबुलर फार्म में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

(एम0पी0सिंह)
वन संरक्षक / प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट